15 JUNE-JANJ BHOOMI-PG-01_Layout 1 6/15/2024 10:32 PM Page 1

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 16 जून 2024

तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 27. 0 डिग्री





शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर बताया गया खेल खेल में आसानी से बच्चों को पढ़ाने का तरीका 4


## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार

**पाठ्यक्रम का नाम**

1. फायर टेक्नोलॉजी एण्ड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
2. बी.एस.सी. इन फायर सेफ्टी
3. पी.जी. कोर्स व्यावसायिक सेफ्टी, स्वास्थ्य व पर्यावरण मैनेजमेंट सिस्टम
4. हैल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
5. सब-फायर ऑफिसर
6. सर्टिफिकेट इन फायरमेन



(DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी, अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: **- मो.- 76972-12782 (1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर एवं मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर- 11, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-490023**

Advt.


## खबर संक्षेप

### त्याग व बलिदान का पर्व इदुल अजहा मनेगा आज

**जांजगीर-चांपा।** हजरत पैगम्बर इब्राहिम अले सलाम की त्याग और बलिदान की याद में मनाये जाने वाला मुसलमानों का प्रमुख त्यौहार इदुल-अजहा 17 जून सोमवार को मनाया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुये मदरसा ए मदनी कमेटी के अध्यक्ष रफीक सिद्धिकी ने बताया कि सोमवार 17 जून को इदुल अजहा (बकरीद) का त्यौहार धुमधाम से मनाया जावेगा। इस प्रातः 8.30 बजे विषेश नमाज ईदगाह में अदा की जावेगी। बारिष होने पर विषेश नमाज मस्जिदों में पढ़ी जावेगी। इदुल अजहा के मौके पर हैसियतमंद मुसलमान अपने घरों में कुर्बानी देते है जो 3 दिनों तक चलता है। अंजुमन कमेटी द्वारा त्यौहार को लेकर तैयारियां की जा रही है। तय वक्त पर नमाज अदा करने के लिये पहुंचने की अपील की गई है।

### जिले में 15 अगस्त तक मत्स्याखेट पर लगा प्रतिबंध

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्याखेट अधिनियम 1972 की धारा 3 की उपधारा दो के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक क्लोज सीजन घोषित किया गया है। मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने बताया कि क्लोज सीजन में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। जिले के समस्त नदियों, नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय निर्मित किए गए हैं, उनमें किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। उल्लेखनीय है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उक्त अवधि में क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम - 3 (5) के अंतर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना या दोनों एक साथ होने का प्रावधान है।

### महिला चिकित्सक पद के लिए 20 तक आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** छात्रावास व आश्रमों में निवासरत छात्र-छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वस्थ तन स्वस्थ मन योजना वर्ष 2007 के अनुसार छात्रावास व आश्रमों के लिए मानदेय के आधार पर जिला जांजगीर-चांपा के निजी प्रैक्टिशनर उपाधि वाले 1 महिला चिकित्सक की माह जुलाई से अप्रैल तक के लिए आवश्यकता है, जिसके लिए 20 जून को शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जांजगीर में आमंत्रित किये गये हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, रजिस्टर्ड अथवा सीधे जमा कर सकते है।

### चिस्दा में प्रवेश परीक्षा फार्म का वितरण 20 से होगा प्रारंभ

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा जिला सक्ती में प्रवेश परीक्षा फार्म का वितरण 20 जून से प्रारंभ होगा। सक्ती में संचालित 100 सीटर अनुसूचित जाति कन्या क्रीड़ा परिसर में रिक्त 52 सीटों के विरुद्ध प्रवेश प्रक्रिया होगी। प्रवेश फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून तक है। प्रवेश परीक्षा 27 जून से 28 जून को कन्या क्रीड़ा परिसर चिस्दा में सुबह 9 से शारीरिक दक्षता का मूल्यांकन कर प्रवीणता के आधार पर खिलाड़ी छात्रों का चयन किया जाएगा।

### खरीदी के साढ़े 4 महीने बाद भी उठाव पूरा नहीं

# सक्ती जिले में 10 हजार क्विंटल धान शार्टेज, 21 केन्द्र प्रभारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवगठित जिला सक्ती में धान उठाव की सुस्त चाल ने जीरो शार्टेज के लक्ष्य पर रोडा अटका दिया है। धान खरीदी बंद होने के साढे 4 महीने बाद भी सक्ती जिले में धान का पूरा उठाव नहीं हो सका है। स्थिति यह है कि यहां के 21 केन्द्रों में अभी भी 10 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है, जबकि इनमें से कई जगहों पर जितना उठाव होना है, उतना धान नहीं है। हालात को देखते हुए विभाग द्वारा सभी 21 केन्द्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू की गई थी। वैसे तो खरीदी की तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित की गई थी, लेकिन नई सरकार ने सप्ताह भर का समय और बढ़ाया। इस तरह से फरवरी के पहले सप्ताह तक धान की खरीदी हुई। दूसरी ओर खरीदे गए धान के उठाव की गति में केन्द्र प्रभारियों की परेशानी बढ़ा दी। इसके बाद जैसे तैसे धान का उठाव होने लगा तो केन्द्रों में धान का शार्टेज होने लगा है। नवगठित जिला सक्ती में धान उठाव की सुस्त चाल ने जिम्मेदार विभाग के साथ प्रशासन की व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। यहां के केन्द्रों में अभी भी 10 हजार क्विंटल धान का उठाव शेष है। विभागीय सूत्रों की माने तो सक्ती जिले के डेढ़ दर्जन से अधिक केन्द्रों में सौ से लेकर 1 हजार क्विंटल तक धान का उठाव बाकी है। इनमें से कई जगहों पर भौतिक रूप से धान उतनी मात्रा में उपलब्ध भी नहीं है। जितना की उठाव किया जाना शेष है। ऐसे में विगत कई वर्षो से धान खरीदी में कायम जीरो शार्टेज का रिकार्ड बरकरार रखने विभागीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक अमला अब रिकार्ड में इसकी भरपाई करने में इसकी मशक्कत कर रहा है। हालात को देखते हुए विभाग द्वारा सभी 21 केन्द्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है। बताया जाता है कि ये ऐसे केन्द्र है जहां धान का जितना उठाव होना है, उतनी मात्रा में उन केन्द्रों में धान उपलब्ध नहीं है। ऐसे में कागजी आंकड़ों में इस कमी की भरपाई करने अब विभागीय अमला मशक्कत कर रहा है।



केन्द्र में रखा धान फाईल फोटो

**दागियों से धान खरीदी कराने का दुष्परिणाम**

सक्ती जिले में धान खरीदी पूर्ण होने के करीब साढ़े 4 महीने बाद भी धान का उठाव पूरा नहीं हो सका है और लगभग 21 केन्द्रों में 10 हजार क्विंटल धान की कमी सामने आ रही है। उसका एक कारण दागियों से धान खरीदी कराने को भी माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अविभाजित जांजगीर चांपा जिले के समय से सक्ती, मालखरौदा, डभरा, जैजैपुर क्षेत्र के केन्द्र बदनाम रहे है। यहां के अधिकांश केन्द्रों में विगत वर्षो हुई खरीदी में हजारों क्विंटल धान की कमी हुई थी। बहुतों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हुए थे। इसके बाद भी विगत खरीफ वर्ष की खरीदी में प्रभारी नियुक्त करने विभाग ने सावधानी नहीं बरती।

**कराया जा रहा उठाव**

जिले के 125 उपार्जन केदो में से 97 में जीरो शॉर्टेज पर उठाओ का काम पूरा कर लिया गया है। वही 21 समितियां में उठाओ कराया जाना अभी बाकी है। धान का उठाव जल्द पूरा करने कहा गया है

**-शत्रुहन प्रसाद पैकरा**
जिला नोडल अधिकारी
सहकारी बैंक सक्ती

**जारी किया गया है नोटिस**

जिले के 21 उपार्जन केदो से 10 हजार क्विंटल धान का उठाव किया जाना अभी बाकी है। धान उठाव को लेकर केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है।

**-शोभना तिवारी,**
जिला विपणन अधिकारी, सक्ती

# दिनभर सूरज की तपन तो शाम के बाद उमस भरी गर्मी कर रही बेहाल

### एक ही दिन में दिख रहे मौसम के दो रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

इन दिनों मौसम का दो रंग देखने को मिल रहा है। दिनभर सूरज की तपन से लोग बेहाल हो रहे हैं। वहीं शाम के बाद उमसभरी गर्मी परेशान कर रही है। शनिवार को भी पूरे दिन सूरज ने आग बरसाए। शाम को कुछ देर के लिए बारिश हुई। इसके बाद उमस बढ़ गई और लोग पसीने से तरबतर होते रहे।

मौसम वैज्ञानिकों ने इस बार मानसून जल्दी आने की संभावना जताई थी, लेकिन अभी तक मानसून की दस्तक नहीं हो सकी है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से बीच बीच में बदली और हल्की बारिश हो रही है, लेकिन इससे वातावरण में उमस बढ़ रही है। सप्ताह भर से मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। सुबह से सूरज की तपन लोगों को बेहाल कर रही है, तो शाम के बाद हल्की बारिश होने से उमसभरी गर्मी परेशान कर रही है। शनिवार को भी मौसम का मजाज ऐसा ही रहा। दोपहर में सूरज आग उगल रहा था। गर्मी के कारण लोगों को घरों में भी सुकून नहीं मिल रहा था। शाम 4 बजे तक गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर हो रहे थे। इसके बाद मौसम ने मिजाज बदला। आसमान में बादल छाए और करीब आधे घंटे तक बारिश हुई। बारिश थमने के बाद वातावरण उमसभरा हो गया। उमस भरी गर्मी के कारण लोग पसीने से तरबतर होते रहे।उल्लेखनीय है कि इस बार की गर्मी लोगों को हलाकान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। नौतपा में तो गर्मी ने जमकर प्रहार किया। इस दौरान हीट वेव की चपेट में आकर कई मौत भी हुई। गर्मी से बेहाल लोग नौतपा के खत्म होने का इंतजार कर रहे थे। नौतपा समाप्त होने के बाद भी गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। पारा अभी भी 43 डिग्री के आसपास रिकार्ड किया जा रहा है। शनिवार को भी दिनभर मौसम का मिजाज गर्म रहा। शाम के बाद हुई हल्की बारिश के बाद उमसभरी गर्मी से लोगों को बेहाल किया। पिछले कुछ दिनों से मौसम का मिजाज इसी तरह बना हुआ है। गर्मी से बेहाल लोग अब मानसून का इंतजार कर रहे हैं।



गर्मी के कारण दिन में लोगों का बाहर निकलना दूभर

**किसानों को मानसून का बेसब्री से इंतजार**

छत्तीसगढ़ में 15 जून तक मानसून की दस्तक हो जाती है। मौसम वैज्ञानिकों ने इस बार जल्दी मानसून आने की संभावना जताई थी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। किसान अब मानसून का बेसब्री से इंतजार कर रहे है। किसानों को मानसूनी बारिश का इंतजार है। मानसूनी बारिश होने के बाद कृषि कार्यों में तेजी आएगी। किसान अकरस जुताई कर खेती के काम में व्यस्त होंगे। किसानों ने खेती के लिए तैयारी शुरू कर दी है। खाद, बीज की व्यवस्था किसान कर चुके है। अब किसान मानसूनी बारिश का इंतजार कर रहे है।

## मामूली विवाद पर जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार




पुलिस गिरफ्त में आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मामूली विवाद पर दो लोगों ने घर घुसकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हड़हा निवासी 40 वर्षीय रामकुमार यादव अपने घर के सामने में रोड में ब्रेकर बन रहा था। उसी समय घरदेई निवासी करन कुर्रे अपने मोटरसाइकिल से आया, जिसे रामकुमार ने ब्रेकर के साइड से अपनी मोटरसाइकिल को पार करने को कहा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद हो गया। करन कुर्रे ने कच्ची स्पीड ब्रेकर के ऊपर से मोटर साइकिल को पार कर दिया। बाद में करन कुर्रे अपने साथी के साथ मोटर सायकल में आया और रामकुमार के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की। करन कुर्रे ने चाकू से रामकुमार के सिर पर प्राण घातक हमला कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना शिवरीनारायण में धारा 452, 294, 323, 307, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने करन कुर्रे पिता टीकाराम कुर्रे और अनिरुद्ध कुर्रे पिता प्रेमलाल कुर्रे को गिरफ्तार कर 14 जून को न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया।

## लापरवाही...

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में विद्युत मंडल की लापरवाही भारी पड़ सकती है। वार्ड क्रमांक 18 में कई जगह के खंभों पर तार का मकडजाल फैला है। खंभों पर अस्थायी कनेक्शन के तार का जाल लगा है। महज 3 फीट की ऊंचाई पर तार लटक रहे है। ऐसे में कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। सड़क से गुजरने वाले राहगीर व मवेशी इसकी चपेट में आ सकते है। बरसात के मौसम में वैसे भी स्कार्पिंग के मामले बढ़ते है। ऐसे में इन जगहों पर जान माल का खतरा बना हुआ है।

फोटो : हरिभूमि



## बलवा कर फरार तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** जमीन संबधी रंजिश पर बलवा कर फरार हुए 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। विधि विरुद्ध संघर्षरत 3 बालक को भी पुलिस ने पकड़ा है। मामले में पूर्व में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामला अकलतरा का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 8 जून को अकलतरा के वार्ड क्रमांक 16 निवासी अभिषेक केडिया के घर घुसकर जमकर मारपीट की गई थी। जमीन सबंधी विवाद पर वारदात को अंजाम दिया गया था। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने 5 आरोपियों और एक नाबालिग बालक को पकड़ा था। वहीं बाकी आरोपी घटना के बाद से फरार थे। प्रकरण में आरोपी प्रदीप वैष्णव उम्र 20 वर्ष निवासी रसेड़ा, प्रशांत कुमार मरकाम उम्र 19 वर्ष निवासी लटिया, मयंक सिंह जगत उम्र 19 वर्ष निवासी लटिया तथा तीन विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी प्रदीप वैष्णव, प्रशांत कुमार मरकाम और मयंक सिंह जगत को धारा 147,149,506,452, 323,427 के तहत गिरफ्तार कर 15 जून को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### लंबी दूरी की यात्रा करने वाले के अलावा लोकल आने जाने वाले भी हलाकान

# ट्रेनों के रद्द होने व लेटलतीफी से यात्री हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

रेलवे की लेटलतीफी के बाद यात्री गाड़ियों के थोक में रद्द होने की नई परंपरा ने रेल यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है। ना केवल पूर्व कार्यक्रम के मुताबिक लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्री परेशान हो रहे है, बल्कि लोकल गाड़ियों की लेटलतीफी से लोकल यात्री भी हलाकान है।


अधोसंरचना विकास के नाम पर ट्रेनों की लेटलतीफी जारी है। वहीं कई ट्रेनें रद्द भी हो रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने छत्तीसगढ़ से होकर गुजरने वाली दो दर्जन को थोक में रद्द कर दिया गया है। कई गाड़ियां तो सप्ताह भर के लिए रद्द है। जबकि कईयों का रूट डायवर्ड कर दिया गया है। इसका असर जांजगीर चांपा के अलावा सक्ती जिले में भी देखने को मिल रहा है। जिले के अकलतरा, जांजगीर, चांपा के अलावा सक्ती जिले के सक्ती, बाराद्वार स्टेशनों में भी रेल यात्री सुबह से शाम तक हलाकान होते देखे जा सकते है। खास करके लंबी यात्रा अंतर्गत दिगर प्रांत जाने के लिए महीने पहले से जिन्होंने अपनी सीट आरक्षित कराई है, गाड़ियों के रद्द होने से उनकी परेशानी और भी बढ़ गई है। खास करके गर्मी के दिनों में छुट्टियों को देखते हुए अपनी यात्रा का कार्यक्रम बनाया था, उसकी परेशानी ट्रेनों के रद्द होने से बढ़ गई है। 17 जून को गर्मी की छुट्टियां खत्म हो रही है और 18 जून से स्कूल खुलने वाले है। ऐसे में जो इन तिथि में लौटने वाले है। ट्रेनों के रद्द होने से उनके कार्यक्रम बिगड़ गए है। इधर दो दिनों में थोक में ट्रेनों के रद्द होने के साथ बाकी गाड़ियों के रूट बदलने और घंटों लेट से आने पर रेलवे स्टेशनों में यात्री हलाकान हो रहे है। स्थिति यह है कि सुबह आने वाली गाड़ियां शाम को पहुंच रही है तो शाम और रात की गाड़ियों के दर्शन दूसरे दिन हो रहे है। कुल मिलाकर ट्रेनों के थोक में रद्द होने और बाकी गाड़ियों की लेटलतीफी और रूट परिवर्तन से यात्री हलाकान हो गए है। इन सबसे अलावा घंटों इंतजार के बाद गाड़ियां यदि मिल भी जाती है कि भीड़ इतनी है कि बैठना तो दूर जनरल डिब्बों में खड़े होने तक की जगह नहीं बचती।



स्टेशन में ट्रेन का इंतजार करते यात्री।

## करंट की चपेट की आकर महिला की मौत

**अकलतरा।** घर की गोबर से लिपाई के दौरान एक महिला करंट की चपेट में आ गई। कूलर में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। घटना अकलतरा थाना क्षेत्र के ग्राम कोटमीसोनार की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोटमीसोनार के गोंड़ पारा निवासी नाथूराम मरकाम की पत्नी राजकुमारी गुण उम्र 40 वर्ष शनिवार 15 जून की सुबह 9:00 बजे घर में गोबर से लिपाई कर रही थी। लिपाई करते हुए राजकुमारी कूलर के संपर्क में आ गई। कूलर में प्रवाहित करंट के चपेट में आकर एवं छटपटाने लगी एवं बेहोश हो गई। परिजनों के द्वारा राजकुमारी को गंभीर अवस्था में सीएचसी अकलतरा लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद राजकुमारी को मृत घोषित कर दिया।



## खबर संक्षेप

### अनिल को हरियाणा ताइक्वांडो संघ के चुनाव की कमान



**कोरबा।** खेल हित और खिलाड़ियों की प्रगति के लिए सतत समर्पित-प्रयासरत रहने वाले छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ के महासचिव एवं भारतीय ताइक्वांडो महासंघ के संयुक्त सचिव अनिल द्विवेदी को एक बार फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया ने हरियाणा में ताइक्वांडो संघ की स्टेट बॉडी के लिए चुनाव की कमान दी गई है। 16 जून को अंबाला कैंट में होने जा रही नई कार्यकारिणी के चयन के लिए यह चुनाव प्रक्रिया पूर्ण कराने श्री द्विवेदी शुक्रवार को रवाना होंगे।


प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI
Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T. दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त
कोर्स: इलेक्ट्रिशियन, कोपा, फिटर, डीजल मैकेनिक, फिजियोथेरेपी, वेल्डर, हेल्थ इंस्पेक्टर, स्टेनोग्राफर हिन्दी
योग्यता: 10वीं पास
सुविधाएँ: 1. गर्ल्स हॉस्टल 2. Wifi Campus 3. छात्रवृत्ति सुविधा
संपर्क करें
सांई मंदिर के पास लछनपुर चांपा जांजगीर-चांपा
मो.- 98261-28690, 97533-79677


# सरगुजा राजपरिवार की सदस्य इंदिरा सिंह पंचतत्व में विलीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम व सरगुजा महाराजा टीएस सिंहदेव ने दी मुखाग्नि, अंतिम यात्रा में शामिल हुए पूर्व सीएम

सरगुजा राजपरिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह (बेबी राज) का शनिवार को निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रही थी। इंदिरा सिंह के निधन से राज परिवार में शोक की लहर है। आज दोपहर कोठी घर के सामने मौजूद रानी तालाब के समीप उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सरगुजा महाराज व पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें मुखाग्नि दी।

उनकी अंतिम यात्रा में सैकड़ों की संख्या में सरगुजा संभाग के प्रदेश के लोग शामिल हुए। इसके साथ ही उनकी अंतिम यात्रा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि सरगुजा राजपरिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह (बेबी राज) विगत छह माह से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थी। श्रीमती इंदिरा सिंह का उपचार दिल्ली व मुंबई में चल रहा था। इस दौरान प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव स्वयं उनके साथ रहकर लगातार उपचार करा रहे थे। हालात में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उन्हें वापस ले जाने की सलाह दी थी जिसके बाद 13 जून को मुंबई से उन्हें एयर एम्बुलेंस के जरिए अम्बिकापुर लाया गया था। सरगुजा आने के बाद तपस्या स्थित निवास में चिकित्सकों की देख रेख में श्रीमती इंदिरा सिंह को रखा गया था। आज सुबह उनकी हालात बिगड़ गई और लगभग सुबह 8 बजे उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली।



बेबी राज के शव को कंधा देते पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव।



अंतिम संस्कार में शामिल पूर्व सीएम व अन्य।

### धरमजयगढ़ राज परिवार में हुआ था जन्म

श्रीमती इंदिरा सिंह का जन्म 12 अप्रैल 1950 को धरमजयगढ़ राज परिवार में हुआ था लेकिन वे बाद में सरगुजा राज परिवार की सदस्य बन गई। आज तपस्या स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली है। श्रीमती सिंह के निधन की जानकारी मिलने के बाद सरगुजा राजपरिवार में शोक की लहर फैल गई। आज घटना की जानकारी मिलने के साथ ही सरगुजा संभाग, बिलासपुर व अन्य स्थानों से बड़ी संख्या में शुभचिंतक व कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी सरगुजा पहुंचे। आज दोपहर दो बजे तपस्या स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई जो अग्रसेन चौक होते हुए कोठी घर के सामने स्थित रानी तालाब पहुंची। रानी तालाब में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान सरगुजा महाराज व पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने उन्हें मुखाग्नि दी।

### पूर्व सीएम बघेल पहुंचे सरगुजा, दी श्रद्धांजलि

आज सरगुजा राज परिवार की सदस्य श्रीमती इंदिरा सिंह के निधन की जानकारी मिलने के बाद प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरगुजा पहुंचे। इस दौरान वे श्रीमती इंदिरा सिंह के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व सीएम श्री बघेल ने कहा कि मै उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूँ और ईश्वर परिवार को दुःख सहने की क्षमता प्रदान करें ऐसी कामना करता हूं। आज उनके अंतिम संस्कार में पूर्व सीएम के अलावा अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल व अन्य वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए औरश्रद्धांजलि अर्पित की।



# महिला के घर घुसकर सामूहिक दुष्कर्म, 6 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक महिला के घर में घुसकर पहले उसके देवर की बेरहमी से पिटाई की फिर 6 युवकों ने एक एक कर महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। महिला की शिकायत पर पुलिस तत्काल हरकत में आयी और महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले 6 आारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत महिला ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसके घर पर 12 जून को उसका देवर चावल छोड़ने के लिए आया हुआ था। जो कि रात्रि होने के कारण घर पर ही रूका था कि रात्रि लगभग 10:30 से 11 बजे के मध्य अजय खैरवार, गुडुवा, गुलशन गिदौरे, गुलशन नटराज, राजेश, संदीप आये और घर के दरवाजे को खटखटाये तब महिला का देवर दरवाजा को खोला तब वे लोग उसके देवर को गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगे तथा उसका मोबाईल को छिन लिये तब महिला का देवर डरकर वहां से भाग गया। जिसके बाद उक्त युवकों द्वारा महिला के साथ भी मारपीट किया गया। जिसके बाद उक्त युवकों द्वारा महिला के साथ सामूहिक अनाचार की घटना को अंजाम दिया गया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सभी आरोपी सिविल लाईन रामपुर थाना क्षेत्र निवासी राजेश कुमार गाडा उम्र 24 वर्ष पिता धनीराम गाडा, गुलशन गिदौरे पिता रामेश्वर गिदौरे, संदीप यादव उम्र 30 वर्ष पिता मोनू यादव, गुलशन नटराज उम्र 25 वर्ष पिता भागवत प्रसाद, अजय खैरवार उम्र 22 वर्ष पिता रमेश खैरवार, गुडवा उर्फ गुड्डू साहू उम्र 20 वर्ष पिता शिवाजी साहू के विरुद्ध धारा 294, 323, 506, 392, 376 (घ), 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया गया है।


गुप्त रोग
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपति अवश्य मिले
मां दुर्गा क्लीनिक
डॉ. ए.के. विश्वास
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465



पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, टायमिंग में कमी, शुक्राणु की कमी, नि:संतान आदि
SEX PROBLEM
सभी रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज, मनचाहा पॉवर सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें:-
धनवंतरी आयुर्वेदिक
खोखसा फाटक के पास, ओवरब्रिज के नीचे चांपा रोड जांजगीर
मोबा-8962743509


### शिक्षकों का बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता प्रशिक्षण

**कटघोरा।** विकासखंड कटघोरा के अंतर्गत प्राथमिक शाला के शिक्षकों का बुनियादी शिक्षा एवं साक्षरता प्रशिक्षण का आयोजन ब्लॉक के तीन जोन में किया जा रहा है। प्रथम चरण का प्रशिक्षण 10 से 13 जून तक तथा द्वितीय चरण 14 से 17 जून तक पहला जोन सेजेस कटघोरा में हो रहा है। द्वितीय चरण के प्रशिक्षण का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी टीपी उपाध्याय द्वारा किया गया।

# हाट बाजारों में घूम-घूम कर मोबाइल चोरी करने वाले झारखंडी गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा बाजारों एवं हटरी में मोबाइल की चोरी को रोकने एवं उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व नेहा वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रविंद्र कुमार मीना एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के मार्गदर्शन पर थाना क्षेत्र में बाजारों में मोबाइल फोन की चोरी के साथ साथ अवैध कारोबार करने वालों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में सायबर सेल कोरबा की टीम एवं सीएसईबी चौकी पुलिस को शहर में पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि तुलसीनगर कोरबा में सामुदायिक भवन के पास झारखण्ड राज्य से आये 2 युवक बहुत सारा पुराना मोबाईल फोन रखे हैं तथा बिक्री करने के लिये ग्राहक तलाश रहे हैं। इस सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को तत्संबंध में अवगत कराकर आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त किया गया तथा मुखबिर के बताए अनुसार टीम सहित तुलसीनगर सामुदायिक भवन के पास घेराबंदी कर मुखबीर के बताए हुलिये के 2 युवकों को गिरफ्तार किया गया, जिन्होने पूछताछ पर अपना-अपना नाम महाराजपुर बाजार थाना तालझाड़ी जिला साहेबगंज (झारखण्ड) निवासी मनोरंजन कुमार मण्डल उम्र 24 साल पिता श्रीराम मण्डल एवं बाबुपुर थाना तीनपहाड़ जिला साहेबगंज (झारखण्ड) निवासी लोबिन कुमार महतो उम्र 28 साल पिता लक्ष्मीप्रसाद महतो बताया। जिनसे कोरबा आने जाने का कारण पूछने पर टाल मटोल करने लगे तथा कड़ाई से पूछताछ करने पर अपने गांव से आकर बाजारों में चोरी करना बताए। उनके द्वारा बुधवारी बाजार में मोबाईल चोरी करना बताए। जिस पर सीएसईबी चौकी पुलिस द्वारा दोनों युवकों के विरुद्ध धारा धारा 41(1-4), 379, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उनके कब्जे से कुल 16 नग विभिन्न कम्पनियों के मोबाईल फोन बरामद किया गया ।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में चुने गए केएन कॉलेज चार खिलाड़ी

**कोरबा।** चार होनहार विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से जिले को गौरवान्वित किया है। उन्होंने उम्दा पढ़ाई कर न केवल सही राह बनाई, बड़ी कंपनी में अच्छी नौकरी प्राप्त कर अपने कॅरियर को उड़ान भी दिया है। इनमें केएन कॉलेज से अनमोल लांबा, अभिषेक शर्मा, शुभम शर्मा और चित्रांश शामिल हैं। इन सभी का चयन विशाखापट्टनम में स्थित त्रिवेणी सोलर ग्लास मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में हुआ है। समिति के सचिव सुरेंद्र लाम्बा एवं सह सचिव उमेश लाम्बा ने बधाई देते हुए कहा कि कार्य के शुरुआती दिनों में आने वाली परेशानियों से घबराएं नहीं।


**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला- सक्ती (छ.ग.)**
**ईश्तहार (पेपर प्रकाशन हेतु)**

रा.प्र.क. /ब-121 / 2023-24
साकिन- नंदेली, तहसील जैजैपुर

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी जिला सक्ती छ.ग का ज्ञापन क्रमांक / 1647 / लाय. शाखा/ पे. पम्प / 2024 सक्ती दिनांक 27.05.2024 के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती का मामला क्रमांक 23/ब-121/2023-24 में ग्राम नंदेली तहसील जैजैपुर खसरा नंबर 212/1 तहसील जैजैपुर जिला सक्ती में चयनित उम्मीदवार श्री राजेन्द्र कुमार चंद्रा पिता श्री खगेश्वर प्रसाद चंद्रा निवासी नंदेली आमगांव जिला सक्ती छ.ग. को नया रिटेल आउटलेट स्थापित के सत्यापन संबंधी प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 26.06.2024 के पूर्व अपनी दावा / आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला-सक्ती (छ.ग.)**



**न्यायालय तहसीलदार जांजगीर,**
**जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रं 5151/तह./वा-1/2024
जांजगीर, दिनांक 12.06.2024
रा.प्र.क्र. 202309060700017/
अ-19(4)/2022-23
ग्राम- जांजगीर

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम जांजगीर को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर के पत्र क्रमांक 2686/अ.वि.अ./रीडर/2023 जांजगीर, दिनांक ...06.2023 अनुसार आवेदक श्री मनोज कुमार सारथी, जिला अध्यक्ष सूत सारथी समाज जांजगीर चांपा द्वारा ग्राम जांजगीर वार्ड नंबर 25 शांति नगर में भूमि आबंटन करने कलेक्टर महोदय को निवेदन किया गया है। जो कि भूमि बंटन किए जाने के संबंध में विभिन्न औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4 क्रमांक 1 कंडिका 25 एवं 26 का पालन करते हुए एवं संशोधित चेक लिस्ट बिन्दु अनुसार प्रकरण तैयार कर स्पष्ट अभिमत सहित 20 दिवस के भीतर प्रदाय किए जाने हेतु प्राप्त हुआ है। आवेदक द्वारा खसरा नंबर 2495/1 में से 0.10 एकड प्रदाय किए जाने हेतु शपथपत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 02.07.2024 तक न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्तदावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा द्वारा जारी किया गया है।

**तहसीलदार**
**जांजगीर**



TOP IN JANJGIR
N.S.D.C National Skill Development Corporation
Approved By Nsdc Center No.69240
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग के रोजगारोन्मुखी कोर्स
कोर्स
MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
OT - पोस्ट डिप्लोमा इन OT टेक्नीशियन
DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
डिप्लोमा इन नर्सिंग सुपरवाईजर
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियन एसिसटेंस
10वीं एवं 12वीं के छात्र एवं छात्राओं के लिए सुनहरा अवसर
प्रत्येक कोर्स के लिए 30-30 सीट उपलब्ध विभिन्न
एक वर्षीय कोर्स
अस्पतालों या पैथोलेब में कार्यरत विद्यार्थियों के पत्राचार एवं साप्ताहिक की सुविधा
सशुल्क पाठ्यक्रम
सम्पर्क करें- आकाश एजुकेशनल एकेडमी
केरा रोड, रजनीश बुक डिपो के सामने तिवारी काम्प्लेक्स जांजगीर मो. नं. 8770638375, 8815467282



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य वहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य वहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बॉझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीज़र (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661



ग्लोबल
प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 50 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### बटांकन में लापरवाही पटवारी निलंबित

**रायगढ़।** तहसील खरसिया के नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता कार्य में लापरवाही बरतने के कारण पटवारी गोविन्द सिदार को एसडीएम खरसिया द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन काल में निलंबित कर्मचारी का मुख्यालय कार्यालय तहसीलदार खरसिया निर्धारित किया गया है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी रा खरसिया से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर तथा कलेक्टर भू अभिलेख शाखा रायगढ़ के निर्देशानुसार ऑनलाईन भुईंया सॉफ्टवेयर में राजस्व अभिलेखों की शुद्धता एवं नक्शा बटांकन का कार्य मिशन मोड पर किया जा रहा है। गोविन्द सिदार पटवारी हल्का नंबर 35.बसनाझर तहसील खरसिया का नक्शा बटांकन तथा अभिलेख शुद्धता की प्रगति पटवारी की आयोजित साप्ताहिक बैठक में शून्य रही। जिस कारण संबंधित पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया, परंतु गोविन्द सिदार पटवारी तहसील खरसिया द्वारा निर्धारित समयावधि व्यतीत होने के पश्चात भी कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया।

### योग दिवस पर स्टेडियम में होगा कार्यक्रम

**रायगढ़।** 21 जून को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राज्य के समस्त जिलों में गरिमामय रूप से किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामान्य योग अभ्यास कार्यक्रम 21 जून को प्रातरू 7 बजे से रायगढ़ स्टेडियम ग्राउण्ड, बोईरदादर रायगढ़ में आयोजित होगा। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने इस संबंध में आदेश जारी करते हुए कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए कुशलता से निर्वहन करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर व एसपी ने लॉ एंड ऑर्डर को लेकर ली समीक्षा बैठक

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में सशक्त सूचना तंत्र की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



समीक्षा बैठक लेते कलेक्टर व एसपी तथा बैठक में शामिल अधिकारी।

जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने में सूचना तंत्र और इंटेलीजेंस की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। राजस्व और पुलिस प्रशासन का अमला मैदानी स्तर पर अपने सूचना तंत्र को मजबूत रखें। ऐसी किसी भी सूचना या अफवाह पर नजर रखें जिससे शांति और कानून व्यवस्था बिगड़ सकती है और उस पर तत्काल एक्शन लें। यह बातें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने अधिकारियों से कही। उन्होंने शुक्रवार की दोपहर कलेक्टोरेट के सभा कक्ष में लॉ एंड ऑर्डर को लेकर समीक्षा बैठक ली। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल भी बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि असामाजिक तत्वों और अशांति फैलाने वाले लोगों की पहचान कर किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि में लिप्त होने पर कार्यवाही करें। हर ग्राम स्तर पर सूचना तंत्र मजबूत रखें। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल ने थाना स्तर पर भी अपने क्षेत्र से संबंधित इलाकों की जानकारी अपडेट रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध में अविलंब कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफार्म में अपुष्ट सूचनाओं और फेक न्यूज पर नजर रखने और सही तथ्यों के साथ जानकारी प्रसारित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि विस्फोटकों का भंडारण मापदंडों के अनुसार होना चाहिए व सभी सुरक्षा मानकों का पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि अपने क्षेत्र में विस्फोटकों के भंडारण की मौका मुआयना कर जांच करें। औद्योगिक क्षेत्रों में उपयोग किए जाने वाले विस्फोटक के भंडारण के संबंध में अपडेटेड जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### मादक पदार्थों पर कार्रवाई के निर्देश

कलेक्टर श्री गोयल ने अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करीए नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्हें विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नशे के विरुद्ध कार्यवाही में भी सूचना तंत्र की अहम भूमिका है। आबकारी और खाद्य और औषधि प्रशासन पुलिस विभाग के साथ साझा रूप से इसमें कार्यवाही करें। समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग से की गई कार्यवाही का अपडेट लिया। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही बढ़ाए। पुलिस विभाग के साथ फील्ड में संयुक्त कार्यवाही करें। उन्होंने नशीली दवाओं के विरुद्ध ड्रग इंस्पेक्टर को कार्यवाही के लिए निर्देशित किया।

### सड़कों में वाहन पार्किंग पर करें कार्रवाई

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रायगढ़ जिले में उद्योगों की बहुलता के कारण सड़क पर भारी वाहनों की काफी आवाजाही होती है। देखने में ये आता है कि उद्योगों में लोडिंग.अनलोडिंग के लिए पहुंचे वाहन मुख्य सड़क पर पार्क कर दिए जाते हैं। इससे ट्रैफिक जाम के साथ दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वाहनों को उद्योग परिसर के भीतर ही पार्क करना है।

## कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ा मोबाइल चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पचधारी डेम में मोबाइल की चोरी करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी से कुल 3 मोबाइल बरामद कर जब्त किए गए है।

पुलिस द्वारा प्रतिबंधित एनीकट पंचधारी डेम के पास स्कूटी से मोबाइल चुराने वाले युवक को चोरी की मोबाइल बेचने ग्राहक तलाश करते समय पकड़ा गया है। मोबाइल चोरी को लेकर कल 13 जून को थाना कोतवाली में सिंचाई कॉलोनी लोचन नगर में रहने वाले करण मरावी उम्र 19 साल द्वारा आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 11 जून को अपने साथी अंकुर निषाद रूपेंद्र सिदार के साथ पंचधारी डेम नहाने गया था। तीनों ने अपने मोबाइल और पर्स को स्कूटी के डिक्की में रखकर नहाने गए वापस आकर देखे तो डिक्की तोड़कर कोई अज्ञात चोर डिक्की में रख दो पर्स और तीन मोबाइल को चोरी कर ले गया था। थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी पर धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया था। पकड़े गए आरोपी अमित नामदेव उर्फ राज पिता संजीव नामदेव उम्र 21 साल निवासी इंदिरा नगर इंदिरा मूर्ति के पास थाना कोतवाली रायगढ़ ने डिक्की तोड़कर मोबाइल और पर्स चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि चोरी पर्स के पैसे निकाल कर पर्स को पानी में फेंक दिया है। आरोपी से 03 नग मोबाइल आई फोन 14, सैमसंग एम 14 और कुल कीमती 80,000 रूपए का बरामद कर आरोपी अमित नामदेव को गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। माल मुल्जिम पतासाजी की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, प्रधान आरक्षक अरुणा चौरसिया एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## घरघोड़ा क्षेत्र में ब्लैक आउट, कई पेड़, बिजली के खंभे हुए धराशायी



**रायगढ़।** गुरुवार शाम को चली आधे घंटे की आंधी ने जिलेभर की बिजली व्यवस्था को चौपट कर दिया था। हालांकि शहर में तो देर रात तक लाईट चालू हो गया, लेकिन घरघोड़ा क्षेत्र में अंधड़ के चलते आधा दर्जन से अधिक बिजली खंभा टूट गए तो वहीं दर्जनभर से अधिक पेड़ गिरने से शुक्रवार को शाम 26 घंटा बाद सिर्फ शहरी क्षेत्र का ही बिजली व्यवस्था बहाल हो सका। इसको लेकर स्थानीय लोगों ने शनिवार को विरोध.प्रदर्शन करने की तैयारी कर ली है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को पूरे दिन तेज धूप व भीषण गर्मी से लोग पूरे दिन हलाकान रहे तो वहीं शाम करीब 6.30 बजे अचानक मौसम में बदलाव हुआ और तेज अंधड़ शुरू हो गयाए जो करीब आधे घंटे तक चला। जिसके चलते शहर सहित जिलेभर की बिजली व्यवस्था को चौपट कर दिया था। हालांकि इस दौरान रायगढ़ शहर में देर रात तक मेंटनेंस होने के बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो गई थी, लेकिन घरघोड़ा क्षेत्र में इस अंधड़ ने जमकर तबाही मचाया, जिससे जहां आधा दर्जन से अधिक बिजली खंभा टूट गए तो वहीं करीब दर्जनभर से अधिक स्थानों पर पेड़ गिरने से काफी मात्रा में बिजली तार भी क्षतिग्रस्त हो गया था। इस दौरान विद्युतकर्मियों द्वारा रात में बिजली व्यवस्था बहाल करने के लिए काफी मशक्कत किया लेकिन 33 केवी के खंभा टूटने के चलते सफलता नहीं मिल सकी। ऐसे में शुक्रवार को सुबह से ही कर्मचारी सुधार कार्य में जुट गए थेए इसके बाद भी देरशाम तक सिर्फ शहरी क्षेत्र का ही बिजली व्यवस्था चालू हो सका।

### खदान के भीतर दुर्घटना में वृद्ध की गई जान

**रायगढ।** घरघोड़ा थाना अंतर्गत महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट के वाहन ने शुक्रवार को एक वृद्ध को अपने चपेट में ले लिया वाहन के पहिए के नीचे आकर बुजुर्ग की मौत होने की खबर सामने आई। सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरु कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार एसईसीएल बरौद खदान के अंदर चलने वाली महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट की गाडी ट्रेलर के चक्के के नीचे दबकर बुजुर्ग फिर सिंह राठिया निवासी फागुरम की मौके पर मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत से गुस्साए ग्रामीणों ने उचित मुआवजा की मांग को लेकर खदान बंद करते हुए चक्का जाम प्रदर्शन शुरु कर दिया। जिसके बाद घरघोड़ा पुलिस मौके पर पहुँची और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास किया।

## डीईओ ने ली शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

■ एफएलएन प्रशिक्षण केन्द्रों का निरीक्षण किया गया



**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के निर्देश में शिक्षा सत्र 2024-25 में रायगढ़ जिले के 07 विकास खण्डों में संचालित प्राथमिक माध्यमिक हाई एवं हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न घटकों के सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला ने स्कूल शिक्षा विभाग के सभी शाखा प्रभारियों की उपस्थिति में जिले के सभी बीईओ, बीईओ, बीआरसीसी, संकुल प्राचार्य, प्राचार्य, सीएसी की एक आवश्यक बैठक लिए।

जिला शिक्षा अधिकारी बी बाखला ने 18 जून से प्रारंभ हो रहे शिक्षा सत्र के प्रथम दिवस से ही प्रत्येक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाने हेतु विद्यालय की साफ सफाई विद्यालय भवन की सुरक्षा एवं पर्यावरण स्वस्थ रखते हुए उत्सव मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, साइकिल एवं गणवेश की व्यवस्था शाला प्रवेश उत्सव से पूर्व ही करें। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य वर्धक मध्यान्ह भोजन एवं न्यौता भोजन प्रथम दिवस से ही दिए जाए। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में पौधरोपण के अतिरिक्त किचन गार्डन में कम से कम 10 मुनगा के पेड़ लगाकर उसका संरक्षण करें। बैठक में सभी संस्था प्रमुखों को ऑनलाईन अवकाश प्रविष्टि करने हेतु निर्देश दिए। सहायक संचालक केके स्वर्णकार ने जिले के निजी विद्यालय में संचालित आरटीई को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ प्रविष्टि हेतु निर्देश दिए। इसके बाद डीएमसी एनके चौधरी ने यूडाईस में स्कूल प्रोफाईल का भौतिक सत्यापन कर वास्तविक स्थिति जानने के लिए सभी बीआरसीसी एवं सीएसी को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वास्तविक स्थिति अनुसार निःशुल्क वितरण सामग्री गणवेश, पुस्तक आदि का ऑनलाईन पोर्टल में आवश्यक रूप से प्रविष्टि करें।



**खबर संक्षेप**

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों का कलेक्टर ने किया सम्मान



**अकलतरा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर आकाश छिकारा, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ममता यादव, एसडीम विक्रांत अंचल, डीईओ ए के भारद्वाज, डीएमसी आरके तिवारी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बै ठक के दौरान विकासखंड में बोर्ड परीक्षाओं में सत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने के लिए शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सांकर के प्राचार्य आनंद स्वरूप सिंह एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गीता सिंह को पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक शिवकुमार सिंह अमलीपाली, समे लाल मौवार मोहाडीह,श्रीमती मीना तंबोली खटोला, श्रीमती मधुकर कारकेल, श्रीमती बबीता कुर्रे खिसोरा को भी प्रशस्ति पत्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया गया इस अवसर पर बीईओ रत्नमाला सिंह बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस, समस्त हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य व शैक्षिक समन्वयक उपस्थित थे।

## नगर पालिका में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किए गए महेश्वर



**अकलतरा।** विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के द्वारा नगर पालिका परिषद में महेश्वर टंडन को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद की बैठकों में विधायक के अनुपस्थिति में महेश्वर टंडन को विधायक प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित होने के लिए अधिकृत किया गया है। अपनी नियुक्ति पर महेश्वर टंडन ने कहा कि नगर पालिका में विधायक प्रतिनिधि के रूप में नगर विकास में आने वाली समस्याओं के निराकरण के लिए जुट कर नगर वासियों की सुविधाओं में बढ़ोतरी का प्रयास किया जाएगा। महेश्वर टंडन के विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर खूलन सोनवानी,प्रतिपाल सिंह,अमित सिंह बैस, सुरेंद्र बहादुर सिंह, हर्षवर्धन सिंह ,गगन गुरुद्वान, राजेश जैन, मोहम्मद पीर खान, इस्माइल खान, अभिजीत सोनवानी सहित कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है।

## बहेराडीह को स्वतंत्र पंचायत का दर्जा देने मुख्यमंत्री साय को भेजा पत्र

**बहेराडीह।** सालों से आश्रित गांव का दंश झेल रहे बहेराडीह गांव को स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर भारत के पहला किसान स्कूल के संचालक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है और जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर लिखित रूप में ज्ञापन सौंपकर इस वर्ष बहेराडीह को पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग किया है। जिस पर कलेक्टर ने स्थानीय निर्वाचन शाखा के अधिकारियों को विधिवत कार्यवाही करने का निर्देश जारी किया है। इस संबंध में वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने बताया कि बहेराडीह गांव सालों से आश्रित गांव का दंश झेल रही है। बहेराडीह गांव पहले बलौदा ब्लॉक के सिवनी पंचायत का आश्रित गांव रहा। उसके बाद जाटा पंचायत में शामिल किया गया। लंबे समय से बहेराडीह गांव के ग्रामीण आश्रित गांव का दंश झेलते आ रहे हैं। फिर भी ग्रामीणों के जागरूकता के कारण विकास हुई है।

**राशन के लिए तीन किलोमीटर का चक्कर-** बहेराडीह के ग्रामीण प्रतिमाह राशन लेने 3 किलोमीटर दूर जाटा स्थित शासकीय उचित मूल्य की दुकान जाने मजबूर है। इससे पहले भी तीन किलोमीटर दूर सिवनी राशन के लिए चक्कर काटना पड़ता था। आश्रित गांव का लगातार दंश झेल रहे बहेराडीहवासियों की इस समस्या से निजात दिलाने किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने पहल की है।

### नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण आयोजित

# शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर बताया गया खेल खेल में आसानी से बच्चों को पढ़ाने का तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकासखंड पामगढ में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एफ एल एन का चार दिवसीय प्रशिक्षण तीन जोन व्यासनगर,पामगढ और लोहर्सी में आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी भारद्वाज और विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक उपस्थित होकर बेहतर क्रियान्वयन के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं को निर्देश दिए।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर महेंद्र साहू, अजय मरावी,घनश्याम दिनकर, चन्द्रमोहन तिवारी ,राकेश लहरे,प्रदीप कमलेश ,उमाशंकर मधुकर व रोहित कश्यप रहे पूरे प्रशिक्षण में सहयोगी के रूप मे अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से सुभाष,नवनीत वर्मा, रिंकेश, मंजू बन्छोर व रविन्द्र चंद्रा रहे। प्रशिक्षण का प्रारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक और खंड समन्वयक दुष्यंत भतृहरि के उद्बोधन से प्रथम दिवस बालगीत गतिविधी के साथ एन ई पी 2020 के अंतर्गत निपुन भारत क्या है एफ एन एल के अंतर्गत भाषा शिक्षण,भाषा शिक्षण के बुनियादी घटक, भाषा शिक्षण के चार ब्लॉक मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, पठन और लेखन पर पाठ्य पुस्तक,अभ्यास पुस्तिका ,शिक्षक संदर्शिका पर कैसे काम करना है सिखाया गया द्वितीय दिवस प्रतिवेदन के साथ गणित में बुनियादी गणित क्या है बुनियादी गणित के बिंदु गणित के चार ब्लॉक मौखिक गणित पर बातचीत, कोशल अभ्यास, कौशल शिक्षण, खेल-खेल में गणित पर बात किया गया। तृतीय दिवस प्रतिवेदन के साथ नवाजतन क्या है ,नवाजतन के चरण, 6 सी कैसे काम करता है , बावलेवाडी स्कूल में 15 दिनो में शब्द पढना कैसे सिखाते है पर बात किया गया। चतुर्थ और अंतिम दिवस प्रतिवेदन के साथ जादुई पिटारा क्या है इसके अंतर्गत फिजिकल जादुई पिटारा ,डिजिटल जादुई पिटारा और ई जादुई पिटारा में कैसे कार्य करना है की एंड्रायड मोबाइल में 9599961445 नं के द्वारा वाट्सअप से और की पैड मोबाइल मे 15108 डायल कर बच्चे पालक व शिक्षक मनचाहा कविता कहानी गीत रैंमस खेल खेल मे कैसे सीखे आदि जान पायेंगे, स्कूल रेडीनेश क्या है ,पुस्तकालय का महत्व आदि पर बात किया गया।



प्रशिक्षण में शामिल शिक्षकों को जानकारी देते अधिकारी।

### विकासखंड स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम



**अकलतरा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार कक्षा पहली से तीसरी कक्षा का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का विकास खण्ड अकलतरा में प्रथम चरण का खण्ड स्तरीय चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीआरसी अकलतरा, पोड़ी दल्हा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरारी में सम्पन्न हुआ जिसमें लगभग 167 शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को उनके कक्षा स्तर अनुरुप भाषा एवं गणितीय कौशल में दक्ष करना है। सभी बच्चे पढ़ना लिखना सीख जाएं। तीनों जोन के प्रशिक्षण के दौरान डाइट से विकास खण्ड अकलतरा प्रभारी प्राध्यापक भुनेश्वर जायसवाल, बीईओ श्रीमती रत्न माला सिंह, बीआरसी शैलेंद्र सिंह बैस के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण कर्ताओं के द्वारा शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त प्रशिक्षण के उपरान्त कक्षाओं में शत प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला स्तर से प्रशिक्षित डीआरजी जीवन लाल यादव, दामोदर चौधरी, कमल रत्नाकर, के.शैलजा पोडी दल्हा जोन में अमित धीरही, जीवेंद्र चौहान, रमेश कुर्रे आशा राम तथा किरारी जोन में प्रफुल्ल तिवारी, दीपक यादव,मधु कारकेल सत्यनारायण यादव के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों के द्वारा प्रशिक्षार्थियों से निर्धारित समयावधि में लक्ष्य प्राप्ति हेतु संकल्प लिया गया।



## रोगदा में सड़क नहीं बनने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम रोगदा के वार्ड क्रमांक 6 माता चौराहा रोड मे सड़क नहीं बनने से ग्राम वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम वासियों एवं वार्ड क्रमांक 6 की महिलाओं ने बताया कि माता चौरा ग्राम वासियों के लिए आस्था का केंद्र है एवं दोनों नवरात्रियों में श्रद्धालु बड़ी संख्या में यहां आते हैं, लेकिन कीचड़ से सराबोर सड़क को पार कर माता के दर्शन करने जाने में ग्राम वासियों के अंतर्मन में पीड़ा होती है।

इसी मार्ग से होकर ग्राम के बच्चों को स्कूल जाना होता है। बरसात में तो यह सड़क मार्ग पैदल चलने के लायक भी नहीं रहता। बच्चों को जूता मोजा निकालकर एक हाथ में बस्ता एवं एक हाथ में जुता मोजा रखकर स्कूल जाने की मजबूरी होती है। पिछले तीन-चार वर्षो में वार्ड नंबर की महिलाएं सामूहिक रूप से सरपंच एवं सचिव से मिलकर एवं ज्ञापन सौंप कर कई बार सड़क निर्माण की मांग कर चुकी हैं लेकिन सरपंच सचिव के द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्ड वासियों का कहना है की शासन द्वारा ग्राम में विकास के लिए कई मदों से प्राप्त राशि के साथ-साथ रोगदा के केएसके महानदी पावर कंपनी लिमिटेड से जुड़े होने के चलते सीएसआर की राशि से भी सड़क निर्माण कराया जा सकता है, लेकिन सरपंच-सचिव को ग्राम वासियों की सुविधाओं से कोई लेना देना नहीं रह गया है। जिस कार्य में व्यक्तिगत लाभ ज्यादा मिलता है सरपंच सचिव केवल उन्हीं कार्यों में ध्यान देते हैं। वार्ड नंबर 6 में कीचड़ से सराबोर मार्ग से आक्रोशित ग्राम वासियों के द्वारा सड़क निर्माण की मांग की गई है एवं शीघ्र सड़क निर्माण नहीं किए जाने पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आंदोलन करने की बात कही गई है।

## केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री से मिले पूर्व नेता प्रतिपक्ष...



**जांजगीर-चांपा।** केन्द्रीय शहरी विकास राज्य मंत्री तोखन साहू से दिल्ली छत्तीसगढ़ भवन में छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता नारायण चंदेल ने सौजन्य भेट कर केन्द्रीय शहरी राज्य मंत्री बनाये जाने पर शुभकामनाएं दी। इसके साथ श्री चंदेल ने भारत सरकार के अनेक केन्द्रीय मंत्रियों व राष्ट्रीय पदाधिकारियों से सौजन्य भेट किया।

# नवीन जिला सक्ती में खेल सुविधाएं बढ़ाने सभी करें पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

**खास बात**

- घनश्याम वाटिका में एथलेटिक प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

घनश्याम वाटिका ऑफिसर्स कॉलोनी में शुक्रवार 14 जून को जिला एथलेटिक संघ के द्वारा आयोजित फिजिकल फिटनेस, हाई परफोर्मेंस, स्टेमिना प्रशिक्षण शिविर का गरिमामय वातावरण में समापन हुआ।

इस अवसर पर सक्ती एसडीएम अतिथि के.एस. पैंकरा ने प्रशिक्षार्थीयों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना किया तो समिति के संरक्षक श्यामसुंदर अग्रवाल ने बच्चों की हौसला अफजाई करते हुए उनके अच्छे भविष्य के लिए मंगल कामनाएं किया। मंचस्थ अभ्यागत एवं उच्च न्यायालय के अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने नवोदित जिले सक्ती में खेल सुविधाओं के अभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए खेल सुविधाओं को अपरिहार्य बताया और समाज व शासन से इस दिशा में सकारात्मक सोच के साथ सार्थक कदम उठाने का आग्रह किया। आयोजन में संचालन करते हुए संघ के सचिव एन पी गोपाल ने संगठन का प्रतिवेदन पठन किया और बताया कि प्रशिक्षण में शामिल बच्चे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सक्ती जिले का नाम रोशन किया है। जिला एथलेटिक संघ के द्वारा संचालित प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षार्थी बच्चों को मंचासीन अतिथि अमर सिंह राज, हरी पटेल, गिरधर जायसवाल, महेश अग्रवाल, दीपक गुप्ता ने भी एथलेटिक के क्षेत्र में मेहनत के साथ आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इन पलों में बच्चों ने अपने प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन किया जिसने पालकों के साथ अभ्यागतों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिला एथलेटिक संघ के सदस्य सुरेश जायसवाल, दादू केंवट, रथराम पटेल अधिवक्ता, ऋषभ राठौर, मनीष साहू, खेम पटेल, राम कुमार कांत, रामेश्वर पैंकरा, धनेश पटेल, पुष्पा यादव, सावित्री यादव, निशा साहू,अनीता गोपाल की सक्रिय सहभागिता रही।




बालिका को सम्मानित करते अतिथि।

## परीक्षा में उपस्थित छात्र का एनयू ने रोका रिजल्ट

- बीएड के छात्र का मामला


**बिलासपुर।** शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी द्वारा बीएड द्वितीय वर्ष के एक छात्र का रिजल्ट रोके जाने का मामला सामने आया है, जबकि उक्त छात्र ने यूनिवर्सिटी को आवेदन देकर बताया है कि वह सभी परीक्षाओं में उपस्थित रहा है। बावजूद इसके उसका रिजल्ट रोक दिया गया है।

रायगढ़ के नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी अंतर्गत ज्ञानोदय कॉलेज ऑफ एजुकेशन जांजगीर-चांपा जिला का छात्र सूर्यकांत गुप्ता बीएड द्वितीय वर्ष की सत्र 2022-23 की परीक्षा में शामिल हुआ था। लेकिन जब बीएड द्वितीय वर्ष का रायगढ़ यूनिवर्सिटी ने परीक्षा परिणाम घोषित किया तो पेडागागी ऑफ लैग्वेंज साइंस के सेकंड पेपर का अंक रिजल्ट में अंकित नहीं है, जिससे उसका रजिल्ट विथ हेल्ड हो गया है और परीक्षा परिणाम रोक दिया गया है। अपने परीक्षा परिणाम रोके जाने से परेशान होकर छात्र ने यूनिवर्सिटी को आवेदन दिया है जिसमें उसने बताया है कि वह बीएड द्वितीय वर्ष के सभी परीक्षा में उपस्थित था, इसलिए उसका रोके गए परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द जारी किया जाए। आवेदन के साथ परीक्षा उपस्थिति पत्रक की कापी भी लगाया है। छात्र ने बताया कि वह लगातार यूनिवर्सिटी के अधिकारियों से संपर्क कर रहा है, लेकिन उसकी समस्या दूर नहीं की जा रही है, इससे उसके भविष्य पर खतरा मंडरा रहा है।

## गंगा दशहरा आज, बन रहा अमृत सिद्धि योग

**जांजगीर-चांपा।** रविवार 16 जून गंगादशहरा के दिन अमृत सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ सर्वार्थ सिद्धि और रवि नामक शुभ योग भी इस दिन रहेगे माना जा रहा की ऐसा अदभुत संयोग लगभग 100 वर्ष के बाद बन रहा है। इन शुभ योगों में गंगा में स्नान करनें से पुण्य व फल कई गुना बढ़ता है और पापों से मुक्ति मिल सकती है। दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि हिंन्दु सनातन धर्म में आस्था रखने वाले जो भक्त गंगा दशहरा के दिन गंगाजी में 108 बार डुबकी लगाते है उसके सारे पाप धुल जाते है। अगर आप गंगा दशहरा के दिन गंगाजी में स्नान करने का फल प्राप्त करना चाहते है तो घर में बाल्टी के पानी में गंगाजल मिलाकर 108 लोटा जल से स्नान कर गंगा माताजी में स्नान करने का फल पा सकते है।

























| Janjgir To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 2499 | 4999 | 1499 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |